



नवभारत
इंदौर, सोमवार, 22 सितंबर, 2025



## एक नजर में

### देवी जी मंदिर में शारदीय नवरात्रि महोत्सव



**महिदपुर।** देवी मां की उपासना का महापर्व शारदीय नवरात्रि 22 सितंबर अश्विनी शुक्ल प्रतिपदा सोमवार को ग्रह गोचर के शुभ संयोग में कलश स्थापना के साथ आरंभ होगा। मंदिर पुजारी पं. दीपक कुमार घंटे ने बताया कि इस बार बुद्धआदित्य राजयोग भद्रराजयोग धनयोग गजकेसरी राजयोग का शुभ संजोग रहेगा। इस वर्ष माता का वाहन हाथी होकर वर्ष के लिए अच्छा रहेगा। घट स्थापना 22 सितंबर को प्रात: 6:00 बजे से 7:30 तक अमृत योग एवं शुभ योग प्रात 9:00 बजे से 10:30 बजे रहेगा इस योग में पूजन पाठ के लिए समय अच्छा रहेगा 30 सितंबर को महाष्टमी एवं 1 अक्टूबर को महानवमी पर्व रहेगा इस वर्ष नवरात्रि का फल मिला-जुला रहेगा देवी जी मंदिर में प्रात: आरती 9:00 बजे से वह संध्या आरती 7:00 बजे प्रतिदिन की जावेगी इस वर्ष नवरात्रि 10 दिवस की रहेगी। विजयदशमी 2 अक्टूबर को रहेगी जिसमें मंदिर स्थित मैदान पर परंपरानुसार रावण दहन किया जाएगा।

### नवरात्रि-दशहरा उत्सव के लिए उदगीर अध्यक्ष



**महिदपुर।** देवी जी मंदिर पर प्रतिवर्ष अनुसार नवरात्रि महापर्व एवं दशहरा उत्सव के लिए पंडित दीपक कुमार घंटे पुजारी महालक्ष्मी मंदिर द्वारा नवरात्रि उत्सव समिति का अध्यक्ष पंडित श्रीकांत उदगीर को बनाया गया। अध्यक्ष द्वारा समिति का विस्तार किया जाएगा। समिति द्वारा नवरात्रि साज सज्जा लाइटिंग व्यवस्था रावण के पुतले का निर्माण किया जाएगा। परंपरा अनुसार विजयदशमी के पर्व पर संध्या काल रावण के पुतले का दहन चल समारोह उपरांत किया जाएगा। अध्यक्ष को नरेंद्र पालीवाल, चेतन प्रकाश उपाध्याय, संदीप चैहान, दिलीप प्रजापत, रामचंद्र नरवरिया, दीपक कुमरावत, कैलाश भाटिया, अनिल शर्मा, अशोक सोलंकी, विजय सोनगरा, विजय सारडा, त्रिलोक सोलंकी भूपेन टैंगे आदि ने अपनी शुभकामना प्रेषित की।

### घटस्थापना के नौ दिनी देवी आराधना पर्व शुरु




**घट्टिया।** नौ दिवसीय देवी मां आराधना पर्व नवरात्रि सोमवार को क्षेत्र के देवी मंदिरों व देवी पंडालों में घट स्थापना के साथ प्रारंभ होगा। दशहरा टेकरी स्थित संतोषी माता व दुर्गा माता मंदिर पर घट स्थापना के साथ नौ दिवसीय सामूहिक गरबा उत्सव का आयोजन होगा। वहीं त्रिमूर्ति चौराहा स्थित दुर्गा माता मंदिर पर अचानक ग्रुप के तत्वावधान में नौ दिवसीय दुर्गा उत्सव में राजस्थानी सांस्कृतिक नृत्य, कपल गरबा नृत्य, खाटू श्याम भजन संध्या आदि आयोजन होंगे। इसी के साथ नगर में व आसपास के गावों में नवदुर्गा उत्सव के आयोजन होंगे। आकर्षक विद्युत साज सज्जा के साथ पंडालों को सजाया है।

### दो दिन से दिन में हो रही बारिश, किसान परेशान

**नहीं निकाल पा रहे सोयाबीन, खेतों में सड़ने लगी फसलें**



**घट्टिया।** पिछले 4-5 दिनों में रात में हो रहीं तेज बारिश के बाद विगत 2 दिनों से दिन में व शाम को हो रहीं तेज बारिश से जहा सडकों पर पानी बह निकला वही खेतों में लगातार पानी भरा होने से खेतों में पककर तैयार खड़ी व कटी फसले गलकर सड़ने लगी है। सोयाबीन की कटाई सहित सोयाबीन निकालने को लेकर किसान परेशान हो रहे है। थोड़ा मौसम साफ़ होता है फिर बारिश हो जाती है जिससे खेतों में जाने में मुश्किलों का सामना करना पड़ रहा है। रविवार को भी समाचार लिखे जाने तक तेज बारिश जारी थी।


### दो घंटे लगातार मूसलाधार बारिश, निचली बस्तियों सहित खेतों में भरा पानी

**घट्टिया।** दिनभर उमस के बाद रविवार शाम 4.30 बजे अचानक आसमान में घने काले बादल छाए और मूसलाधार बारिश ने चारों तरफ पानी ही पानी कर दिया। दो घंटे से भी अधिक समय तक बारिश होती रही। खेतों सहित निचली बस्तियों में कमर-कमर तक पानी भर गया। नदी नाले सभी उफान पर आ गए। खेतों में कटी पड़ी सोयाबीन की फसल मूसलाधार बारिश से खेतों में पानी भर जाने से तैरने लगी। तीन-चार दिनों से लगातार बारिश ने क्षेत्र में किसानों को भारी परेशानी में डाल दिया। पीला मोजेक सहित अन्य बीमारियों के बाद बची कूची सोयाबीन की फसल किसानों ने काट कर निकालने की तैयारी कर रहे थे कि लगातार बारिश से खेतों में कटाई के बाद पड़ी पककर तैयार सोयाबीन सड़ गई। किसान जितेंद्र मेहता, जसवंत सिंह पवार, कालू सिंह घाटी, महेंद्रसिंह अवार, राजपालसिंह चकदार आदि ने चर्चा में बताया कि लगातार बारिश से सोयाबीन सहित अन्य फसलों को भी भारी नुकसान हुआ है। खेतों में पानी भरा होने से फसल निकालना मुश्किल हो रहा है। वही निचली बस्तियों में जल जमाव के कारण अनेक घरों में पानी घुस गया। लगातार बारिश से मच्छरों का प्रकोप भी काफी मात्रा में बढ़ गया है जिससे वायरल बुखार सहित अन्य बीमारियों के चलते अस्पतालों में मरीजों की संख्या भी लगातार प्रतिदिन बढ़ रही है। प्रकृति के आगे आगे किसी की नहीं चलती। मौसम की मार से वर्तमान में हर व्यक्ति परेशान है। गांव में सडकों पर घुटनों तक पानी भर गया। समाचार लिखे जाने तक बारिश जारी थी।

### किसानों की सुरक्षा के लिए पुलिस का सतर्कता अभियान

**माकड़ोन।** रूपाखेड़ी, नांदेड, कड़ोदिया थाना क्षेत्र सहित माकड़ोन के आसपास के 58 गांवों में पुलिस ने विशेष सतर्कता अभियान शुरू किया है। सोयाबीन कटाई के इस समय किसान खेतों में व्यस्त हैं और अधिकतर घरों पर ताले लगे रहते हैं। ऐसे में असामाजिक तत्व सक्रिय हो सकते हैं। पुलिस ने ग्रामीणों से अपील की है कि किसी भी संदिग्ध व्यक्ति को गांव में न घुसने दें। यदि कोई संदिग्ध दिखाई दे तो तत्काल नज़दीकी थाने को सूचना दें। पुलिस ने स्पष्ट किया है कि किसी के साथ मारपीट न करें, बल्कि उसे पुलिस को सुपुर्द करें, ताकि जांच-पड़ताल की जा सके। पुलिस का कहना है कि इस अभियान का उद्देश्य किसानों और ग्रामीणों को डराना नहीं बल्कि सतर्क करना है, ताकि वारदातों को समय रहते रोका जा सके और गांवों की शांति व्यवस्था बनी रहे।

### सर्वपितृ अमावस्या पर सामूहिक तर्पण



**कड़ोदिया।** अखिल विश्व गायत्री परिवार शांतिकुंज हरिद्वार के मार्गदर्शन में गायत्री परिवार कड़ोदिया द्वारा सर्वपितृ मोक्ष अमावस्या पर सामूहिक तर्पण किया गया। परिजनों ने विधिविधान से पितरों का स्मरण कर जल अर्पित किया और शांति के लिए प्रार्थना की। यह जानकारी कमल सिंह चौहान ने दी।

### भगवान विश्वकर्मा की कथा का आयोजन



**माकड़ोन।** अमावस्या पर समीपस्थ दिल्लोद गांव में भगवान विश्वकर्मा जी की कथा कैलाश विश्वकर्मा के यहां संपन्न हुई। यहां भगवान विश्वकर्मा जी की कथा लगभग 50 वर्षो से होती आ रही है। यहां उज्जैन से प्राप्त केन्द्रीय समिति के परिचय पत्र कमल कारपेंटर बापचा वाले द्वारा समाज जनों को वितरित गए।

# मृगतृष्णा ने दिखाया अब विवाह संस्कार नहीं एक एग्रीमेंट हो गया

## अग्रसेन साथिया ग्रुप ने दिखाई आदमी के भौतिकता के पीछे दौड़ने की कहानी 'मृगतृष्णा'



**उज्जैन। 10 दिवसीय अग्रसेन जयंती महोत्सव के उपलक्ष्य में अग्रसेन साथिया ग्रुप द्वारा नाटक मृगतृष्णा की प्रस्तुति दी गई।**

**अग्रसेन साथिया ग्रुप संस्थापक तृप्ति मित्तल के अनुसार निर्देशक जगरूप सिंह चौहान के निर्देशन में नाटक की प्रस्तुति दी गई। इस दौरान संरक्षक सरोज अग्रवाल, भगवान दास एरन, विजय मित्तल सिध्दु भैया, राजेश गर्ग सहित बड़ी संख्या में समाजजन मौजूद रहे। नाटक के अंत में आभार पूजा मोदी, श्रद्धा गर्ग ने माना।**

तृप्ति मित्तल के अनुसार मृगतृष्णा नाटक आदमी के भौतिकता के पीछे दौड़ने की कहानी है। जिसके चलते जीवन में कई अव्यवस्था हो जाती है। उनमें से ही एक अव्यवस्था हमारे विवाह संस्कार की भी है। विवाह की उम्र करियर बनाने के चक्कर में बढ़ते बढ़ते 30, 32, 35 वर्ष तक पहुंच गई है।

यह नाटक शुरू होता है मनु शतरूपा के साथ, जो सृष्टि के प्रारंभ में पहले वैवाहिक दंपति थे। फिर बड़े ही रोचक तरीके से समय के साथ विवाह के अन्य प्रकार बताएं गए और बदलते बदलते आज के दौर में विवाह की क्या स्थिति हो गई उसको इस नाटक ने रेखांकित किया।

इसमें सूत्रधार रामू भाई और धापू बाई बड़े रोचक ढंग से इस कहानी को लेकर चलते हैं और विवाह के दृश्यों के माध्यम से बदलते परिदृश्य को समझाते हैं कि कैसे हम धीरे-धीरे अपनी संस्कृति संस्कार भूल कर सिर्फ पैसों के पीछे भाग रहे हैं। अब विवाह संस्कार नहीं एक एग्रीमेंट हो गया है।

अंत में राम मृगतृष्णा में उलझी सीता को रावण वध कर मुक्त कर देते है। प्रतीक और संकेतों के माध्यम से रचा बुना यह नाटक प्रेक्षकों को कई सामाजिक बुराइयों पर सोचने के लिए विवश करता है।

## महिला आत्मरक्षा प्रशिक्षण शिविर



**घट्टिया। खेल और युवा कल्याण विभाग मध्य प्रदेश शासन के निर्देशानुसार सेवा पखवाड़ा अभियान अंतर्गत महिला आत्म रक्षा प्रशिक्षण शिविर शासकीय कन्या हाई स्कूल घट्टिया में आयोजित किया गया।**

प्रशिक्षक ममता गोल्वी ने 250 बालिकाओं को आत्मरक्षा के लिए प्रशिक्षण दिया कि किस प्रकार से महिलाओ को खाली हाथों से अपनी सुरक्षा करनी चाहिए। कार्यक्रम प्रभारी प्राचार्य विजय पाटीदार ने भी विचार व्यक्त करते हुए कहा कि बालिकाएं अपनी सुरक्षा के लिए स्कूल बैग या अपने दुपट्टे से भी सुरक्षा कर सकती है। द्वारा भी सभी बालिकाओं को इस प्रशिक्षण का उचित समय आने पर ही उपयोग करें।

कार्यक्रम में ब्लॉक समन्वय बलवीर सिंह पवार, सुनीता भट्ट, आशा राजोरिया, रेनू सिंह, मुकेश जाटव आदि उपस्थित थे।

## पीएम नरेंद्र मोदी 75वें जन्मदिवस पर 75 यूनिट रक्तदान




**नागदा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 75वें जन्मदिवस के अवसर पर सेवा पखवाड़े में स्थानीय बीमा अस्पताल, इंगोरिया रोड पर भाजपा नगर एवम ग्रामीण मंडल के तत्वावधान में वृहद रक्तदान शिविर आयोजित किया गया।**

इस अवसर पर प्रधानमंत्री के 75 वर्ष पूर्ण होने पर 75 यूनिट रक्तदान का लक्ष्य निर्धारित किया गया था, जिसे सेवाभावी कार्यकर्ताओं एवं नगरवासियों ने पार करते हुए 79 यूनिट रक्तदान कर ऐतिहासिक सफलता दर्ज की। इस गौरवपूर्ण उपलब्धि एवं सेवा भाव की भाजपा के वरिष्ठ प्रतिनिधियों ने सराहना की तथा मंडलों के सेवा कार्यों को अनुकरणीय बताया।

शिविर का शुभारंभ प्रात: 11 बजे अतिथियों के कर कमलों से दीप प्रज्ज्वलन के साथ हुआ। कार्यक्रम में भाजपा ग्रामीण मंडल जिला अध्यक्ष राजेश धाकड़, नगर मंडल अध्यक्ष विजय पटेल, ग्रामीण मंडल अध्यक्ष गोवर्धन परिहार, महामंत्री दौलतराम प्रजापत, महामंत्री सूरज मकवाना, हिम्मत राठौर, सांसद प्रतिनिधि ओपी गेहलोत, नगर पालिका उपाध्यक्ष सुभाष शर्मा, सुबोध स्वामी, भवानी सिंह देवड़ा, निलेश मेहता, भाजपा युवा मोर्चा के रूपम सिंह ठाकुर, भरत नन्देडा, परसराम जाट, सुमित तंवर, त्रिलोक प्रजापत, विशाल सिंह रघुवंशी, अमर सोलंकी भाजपा पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे। रक्तदान शिविर में नगरवासियों और भाजपा कार्यकर्ताओं ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर शिविर को सफल बनाया और यह संदेश दिया कि रक्तदान महादान है और समाजसेवा ही सच्ची राष्ट्रसेवा है। जानकारी नगर मंडल के मीडिया प्रभारी निलेश मेहता ने दी।

## पीएमश्री रवींद्र विद्यालय में प्रतियोगिता



**माकड़ोन। पीएम श्री रवींद्र उमावि माकड़ौन में सेवा स्वच्छता पखवाड़ा अंतर्गत 20 सितंबर शनिवार को पोस्टर चित्रकला एवं स्लोगन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।**

जिसमें विद्यालय के करीब 30 छात्रों ने सहभागिता की तथा विभिन्न प्रकार की पेंटिंग की छात्रों का मार्गदर्शन प्राचार्य मनोहर नागर के नेतृत्व में विद्यालय की शिक्षिका रजनी पवार, पूजा सोनी, विनीता मान तथा सभी शिक्षक शिक्षिकाएं ने किया। वहीं मिनी स्पोर्ट्स डे अंतर्गत मैराथन दौड़ एवं दौड़ प्रतियोगिता का आयोजन विद्यालय के खेल शिक्षक विक्रम वर्मा के मार्गदर्शन में किया गया।

इसमें कक्षा 6 से 8 के स्तर पर तथा 9 से 12 के स्तर पर दौड़ आयोजित की गई। इस अवसर पर विद्यालय के सभी शिक्षक उपस्थित थे। सेवा स्वच्छता पखवाड़ा शुभारंभ विश्वकर्मा जयंती से प्रारंभ होकर महात्मा गांधी की जन्म तिथि 2 अक्टूबर को समापन होगा। इस बीच विद्यालय में प्रतिदिन विभिन्न प्रकार के कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।

## आगम को मिला श्रेष्ठ मानव सेवा अवॉर्ड



**खाचरौद। पालीताना महातीर्थ पर जैन श्वेतांबर सोशल ग्रुप फेडरेशन का 15 वे राष्ट्रीय अधिवेशन राष्ट्रीय अध्यक्ष जीनेश्वर जैन की अध्यक्षता में आयोजित किया गया। जिसमें देश भर के 150 से अधिक ग्रुपों ने भाग लिया।**

जैन श्वेताम्बर सोशल आगम खाचरौद को श्रेष्ठ मानव सेवा अवार्ड से सम्मानित किया गया। इस त्रि-दिवसीय कार्यक्रम में प्रथम रात्रि भक्ति संध्या अजय सिंह बीकानेर द्वारा द्वितीय दिवस पर सामूहिक सामायिक एवं ध्वजारोहण अवार्ड समारोह गुरु भगवंतों द्वारा प्रवचन हुए। तृतीय दिवस पर सभी ग्रुपों द्वारा भव्य वरघोड़ा निकाला।

जिसमें आगम ग्रुप ने तीर्थ बचाओ का संदेश देते हुए सहभागिता की अवार्ड समिति अध्यक्ष पीयूष जैन, फेडरेशन मार्गदर्शक हेमंत कोठारी, मालवा रीजन अध्यक्ष अशोक मोदी ने किए। मानव सेवा कार्यों की सराहना की इस अवसर पर आगम ग्रुप संस्थापक अध्यक्ष अंशुल राजश्री दलाल, ग्रुप अध्यक्ष श्रेयांश पूजा सुराणा, उपाध्यक्ष अंशुल प्रीति चौरड़िया, कोषाध्यक्ष मनीष शालिनी पाटनी ग्रुप सदस्य उपस्थित रहे।

**सम्मान** 39वें प्रतिभा सम्मान समारोह में 153 प्रतिभाशाली छात्र-छात्राओं का सम्मान

# ऐसे प्रोग्राम छात्र-छात्राओं को आगे बढ़ने में प्रोत्साहित करेंगे : आईपीएस देशमुख

**उज्जैन। सर सैयद अहमद वेलफेयर सोसाइटी द्वारा 39वां प्रतिभा सम्मान समारोह समाजसेवी अब्दुल अजीज भाई दरगाह वाला एवं एडवोकेट मोहम्मद मंसूर आलम झालावाड़ की स्मृति में आयोजित किया गया।**






सर सैयद अहमद वेलफेयर सोसाइटी के अध्यक्ष पंकज जायसवाल एवं संरक्षक सैयद अबीद अली मीर ने बताया कि समारोह में 153 प्रतिभाशाली छात्र-छात्राओं को राष्ट्रीय, अंतरराष्ट्रीय ख्यातनाम शख्सियतो के नाम से नामांकित अवार्ड से सम्मानित किया गया। होटल इंपिरियल में आयोजित समारोह में मुख्य अतिथि आई.पी.एस राहुल देशमुख ने संबोधित करते हुए कहा कि ऐसे कार्यक्रम छात्र-छात्राओं को आगे बढ़ाने के लिए प्रोत्साहित करते हैं।

निरंतर 39 वर्षों तक छात्र-छात्राओं को प्रोत्साहित करने के लिए कार्यक्रम आयोजित करना सराहनीय कार्य है। इसके लिए संस्था बधाई की पात्र है।

उप संयोजक सैयद उस्मान हसन एवं कोषाध्यक्ष गंगाधर महा ने बताया छात्र-छात्राओं को राष्ट्रपिता महात्मा गांधी, अफ्रीकी स्वतंत्रता आंदोलन के नायक डॉ. नेल्सन मंडेला, फिलीस्तीन मुक्ति मोर्चा के अध्यक्ष यासिर अराफ़ात, युग पुरुष स्वामी विवेकानंद, काशी हिंदू विश्वविद्यालय के संस्थापक पंडित मदन मोहन मालवीय, भारत रत्न पं. अटल बिहारी वाजपई, मदर टेरेसा, पं. लाल बहादुर शास्त्री, चौधरी चरण सिंह पं. जवाहरलाल नेहरू, बाल गंगाधर तिलक, नेताजी सुभाष चंद्र बोस, मौलाना अब्दुल हादी, डॉ एपीजे अब्दुल कलाम, भगत सिंह अशफाक उल्ला, चंद्रशेखर आजाद, कल्पना चावला, इंदिरा गांधी, झांसी की रानी लक्ष्मीबाई, गणेश शंकर विद्यार्थी, बहादुर शाह जफर, राम प्रसाद बिस्मिल, अल्बर्ट आइंस्टीन, शिवमंगल सिंह सुमन आदि महान शख्सियतों के नाम से नामांकित अवार्ड प्रदान किए गए। विशेष अतिथि डॉ तेज कुमार मालवीय, समाजसेवी संजू भाई राजस्थान, अल हिंद इंटरनेशनल टूर ट्रेवल्स के डायरेक्टर हाजी निजाम मूसा, डॉ शकील अंसारी, सीरत उन नबी कमेटी के अध्यक्ष फहीम सिकंदर, समाजसेवी आजम खान ने छात्र-छात्राओं को पुरस्कार प्रदान किए। अध्यक्षता सोशल एक्टिविस्ट सैयद आयशा हसन ने अपने उद्बोधन में कहा इन्हीं छात्र-छात्राओं में से आगे चलकर, देश का नाम रोशन करेंगे। छात्र छात्राओं को अपना सारा ध्यान अर्जुन की तरह मछली की आंख की तरह पढ़ाई पर ही लगाना चाहिए। आप भी अगर दिल लगाकर पढ़ाई करेंगे तो आप भी आईपीएस राहुल देशमुख की तरह बन सकते हैं।

आज आप इनसे पुरस्कार ग्रहण कर रहे हैं कल आने वाले समय में छात्र-छात्राएं आपसे पुरस्कार ग्रहण करेंगे। समरोह में शहर के प्रबुद्ध नागरिक हरीश तिवारी, दुर्गेश जोशी, एमन कुरैशी, इरम खान, अनम खान, नबीला फातिमा, जाफिरा कबीर, रफीक खान, शकील अहमद गुट्टी, जहीरूद्दीन शेख, सोनू सिंह आनंद, साबिर हुसैन, टाइगर अकादमी के डायरेक्टर जमीर अब्बास, समाजसेवी शाकिर शेख, अनुदीप गंगवार, एडवोकेट जाहिर नूर, शरीफ खान, गोल्डी साहनी, पं. दीपक पांडे, राजेश अग्रवाल, मुश्ताक खान ठेकेदार, हाजी इस्माइल खान, भूरु भाई, नासिर मंसूरी, विकार अहमद, नागोरी पब्लिक स्कूल महिदपुर के डायरेक्टर सलीम नागोरी आदि गणमान्य उपस्थित थे। कार्यक्रम की शुरुआत ईश्वर वंदना से मौलाना आरिफ आरिफ बैग ने एवं राष्ट्रीय गीत सुरखाब बशर ने प्रस्तुत किया।

स्वागत भाषण जुनैद ने दिया। संचालन हाजी इकबाल ने किया। आभार इरफान राइन ने माना। उपरोक्त जानकारी संयुक्त सचिव चेतन ठक्कर एवं प्रवक्ता इकबाल उस्मानी ने दी।